
ट्रैक्टर प्लांट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में बोले सीएम योगी...

यूपी में बने तो खूब बिकेगा बुलडोज़र

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि यूपी में माफियाराज की जगह अब कानून का राज है। बुलडोजर यूपी का ब्रैंड बन चुका है। कंपनियां यहां बुलडोजर और ट्रैक्टर बनाएंगी तो देश-विदेश में इनकी मांग अपने आप बढ़ेगी। योगी यमुना सिटी में CNH इंडस्ट्रियल कंपनी के नए ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के ट्रैक्टर बाजार में यूपी की हिस्सेदारी 18.50% है। यह नया प्लांट प्रदेश में कृषि यंत्रीकरण और आधुनिक निर्माण को नई रफ्तार देगा।

योगी ने कहा कि जो इलाका कभी अपराध के लिए बदनाम था, आज वही जेवर भारत के 'गहने' के रूप में निवेश का सबसे बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां नोएडा एयरपोर्ट और यीडा के अलावा बड़े हिस्से में औद्योगिक, आर्थिक और लॉजिस्टिक हब बन रहा है। कई बड़े प्रॉजेक्ट भी शुरू हो रहे हैं। कार्यक्रम में CNH की चेयरपर्सन सुजैन हेवुड व सीईओ गैरीट मार्क्स, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, सांसद डॉ. महेश शर्मा, औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक कुमार व इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद भी मौजूद रहे।



100 एकड़ में यमुना अथॉरिटी एरिया के सेक्टर-8 में होगा ट्रैक्टर प्लांट का निर्माण

₹1,200 करोड़ का निवेश करेगी CNH कंपनी

1,200 लोगों को मिलेगा रोजगार

बॉटम-5 से टॉप-3 में आया यूपी

सीएम ने कहा कि कभी बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला यूपी बॉटम-5 से निकलकर देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। साढ़े नौ साल में प्रदेश को ₹50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले है। इनमें ₹15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर चुके है और अगली इन्वेस्टर्स समिट में ₹7.50 लाख करोड़ के प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग होगी।